हरी नाम का प्याला

हरी नाम का प्याला
और हरे कृष्ण की हाला

हरी नाम का प्याला प्याला
हरे कृष्ण की हाला।
ऐसी हाला पी पीकर के
चला चले मतवाला॥

राधा जैसी बाला,
और वृन्दावन का ग्वाला

राधा जैसी बाला,
और वृन्दावन का ग्वाला।
ऐसा ग्वाला मुरली मनोहर
जपो कृष्ण की माला॥

हरी नाम का प्याला
और हरे कृष्ण की हाला।
ऐसी हाला पी पीकर के
चला चले मतवाला॥

हरे कृष्ण का जप हो
और हरे कृष्ण की माला

हरे कृष्ण का जप हो
और हरे कृष्ण की माला।
दिव्य ज्योत से ह्रदय शुद्ध हो
निकले मन की ज्वाला॥

हरी नाम का प्याला
और हरे कृष्ण की हाला।
ऐसी हाला पी पीकर के
चला चले मतवाला॥

कृष्ण की धुन में तन हो
और हरे कृष्ण में मन हो।

कृष्ण की धुन में तन हो
और हरे कृष्ण में मन हो।
ऐसे तन मन के मंदिर में
कृष्ण हाला डाला॥

हरी नाम का प्याला
और हरे कृष्ण की हाला।
ऐसी हाला पी पीकर के
चला चले मतवाला॥

हरे कृष्ण में बल है
कृष्णा जल और थल है।
ऐसे नव जल थल में
पी लो नारायण की हाला॥

हरी नाम का प्याला
और हरे कृष्ण की हाला।
ऐसी हाला पी पीकर के
चला चले मतवाला॥

ऐसी हाला पी पीकर के
चला चले मतवाला।
ऐसी हाला पी पीकर के
चला चले मतवाला।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/2235/title/hari-naam-ka-pyala-or-hare-krishan-ki-halaa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |